दिल्ली के मुख्यमंत्री की सूची (वर्ष 1952 से अब तक)

samanyagyan.com/hindi/gk-chief-ministers-of-delhi

दिल्ली के मुख्यमंत्री (1952-2020): (Chief Ministers of Delhi in Hindi)

दिल्ली सामान्य ज्ञान:

दिल्ली आधिकारिक तौर पर दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी प्रदेश भारत का एक केंद्र-शासित प्रदेश और महानगर है। इसमें नई दिल्ली सम्मिलित है जो भारत की राजधानी है। दिल्ली राजधानी होने के नाते केंद्र सरकार की तीनों इकाइयों – कार्यपालिका, संसद और न्यायपालिका के मुख्यालय नई दिल्ली और दिल्ली में स्थापित हैं 1483 वर्ग किलोमीटर में फैला दिल्ली जनसंख्या के तौर पर भारत का दूसरा सबसे बड़ा महानगर है। यहाँ की जनसंख्या लगभग 1 करोड़ 70 लाख है। यहाँ बोली जाने वाली **मुख्य भाषाएँ** हैं : हिन्दी, पंजाबी, उर्दू और अंग्रेज़ी। भारत में दिल्ली का ऐतिहासिक महत्त्व है। इसके दक्षिण पश्चिम में अरावली पहाड़ियां और पूर्व में **यमुना नदी** है, जिसके किनारे यह बसा है।

Quick Info About Chief Ministers of Delhi in Hindi:

वर्तमान मुख्यमंत्री	अरविंद केजरीवाल
राजनीतिक दल	आम आदमी पार्टी
शपथ ग्रहण की तिथि	16 फ़रवरी, 2020
प्रथम मुख्यमंत्री	चौधरी ब्रह्म प्रकाश

दिल्ली का इतिहास:

महाभारत काल से ही दिल्ली का विशेष उल्लेख रहा है। दिल्ली का शासन एक **राजवंश** से दूसरे राजवंश को हस्तांतरित होता गया। यह मौर्यों से आरंभ होकर पल्लवों तथा मध्य भारत के गुप्तों से होता हुआ 13वीं से 15वीं सदी तक तुर्क और अफ़ग़ान और अंत में 16वीं सदी में मुग़लों के हाथों में पहुँचा। 18वीं सदी के उत्तरार्द्ध और 19वीं सदी के पूर्वार्द्ध में दिल्ली में अंग्रेज़ी शासन की स्थापना हुई। 1911 में कोलकाता से राजधानी दिल्ली स्थानांतरित होने पर यह शहर सभी तरह की गतिविधियों का केंद्र बन गया। 1956 में केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा प्राप्त हुआ। दिल्ली के इतिहास में 69वाँ संविधान संशोधन विधेयक एक महत्त्वपूर्ण घटना है, जिसके फलस्वरूप राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र अधिनियम 1991 में लागू हो जाने से दिल्ली में विधानसभा का गठन हुआ।

दिल्ली के मुख्यमंत्री:

दिल्ली के वर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हैं। वह 16 फ़रवरी, 2020 से इस पद पर दोबारा से कार्यरत है। चौधरी ब्रह्म प्रकाश दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री थे।

दिल्ली के मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार व मंत्री परिषद के प्रमुख और दिल्ली विधानसभा में बहुमत दल के नेता होते हैं। मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार की कार्यकारी शाखा का नेतृत्व करते हैं।

वर्ष 1952 से अब तक दिल्ली के मुख्यमंत्रियों की सूची:

7अरविंद केजरीवाल14 फ़रवरी, 2015 फ़रवरी, 2020 आम आदमी पार्टी

क्रमांक	मुख्यमंत्री का नाम	पद ग्रहण	पद मुक्त	राजनीतिक दल
1	चौधरी ब्रह्म प्रकाश	1952	1955	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2	जी एन सिंह	1955	1956	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
राज्य का अस्तित्व समाप्त कर एक केन्द्रीय प्रशासित संघ क्षेत्र बना (1956 – 1993)				
3	मदन लाल खुराना	1993	1996	भारतीय जनता पार्टी
4	साहिब सिंह वर्मा	1996	1997	भारतीय जनता पार्टी
5	सुषमा स्वराज	1997	1998	भारतीय जनता पार्टी
6	शीला दीक्षित	1998	2003	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
6	शीला दीक्षित	2003	2008	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
6	शीला दीक्षित	2008	2013	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
7	अरविंद केजरीवाल	28 दिसम्बर, 2013	14 फ़रवरी, 2014	आम आदमी पार्टी
राष्ट्रपति शासन (17 फ़रवरी 2014 से 13 फ़रवरी, 2015)				
7	अरविंद केजरीवाल	14 फ़रवरी, 2015	फ़रवरी, 2020	आम आदमी पार्टी
7	अरविंद केजरीवाल	16 फरवरी, 2015	अबतक	आम आदमी पार्टी

You just read: Dillee Ke Mukhyamantriyon Ke Naam, Kaaryakaal Aur Unaki Raajaneetik Party (varsh 1952 Se 2021)